तापमान

अधिकतम 36.5 डिग्री

न्यूनतम 24.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 18 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 श्री राम जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा...



14 बैगा के सांनिध्य में किया ज्योति-जंवारा का...



## खबर संक्षेप

### रामनवमी पर आज निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

**बेमेतरा।** राम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में राम नवमी के उपलक्ष्य में 18 अप्रैल को प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारियों के संबंध में समिति की ओर से बैठक बुलाई गई थी। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करने के साथ निर्णय लिए गए। समिति से मिली जानकारी के अनुसार 18 अप्रैल को शहर के मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा का शुभारंभ होगा, जो नयापारा, गस्ती चौक, पुराना बस स्टैंड, परशुराम चौक, जय स्तंभ चौक, पीयर्स चौक, प्रताप चौक होते हुए राम मंदिर प्रांगण में समापन होगा। शोभायात्रा के लिए शहर को भगवा ध्वज और तोरण से सजाया गया है। शोभायात्रा की भव्यता के लिए राम दरबार रथ, छत्तीसगढ़ी धुमाल, डीजे सिस्टम समेत अन्य कार्यक्रमों को शामिल किया गया है। शोभायात्रा में समिति के सदस्यों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हर साल की तरह इस साल भी विभिन्न समाज प्रमुखों की ओर से शहर के चौक चौराहों में शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत करने के साथ राम दरबार की आरती उतारी जाएगी।

### भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भोजराज का डौंडीलोहारा दौरा कल

**डौंडीलोहारा।** लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग 19 अप्रैल को डौंडीलोहारा मण्डल के दौरे पर रहेंगे। मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा ने उक्त जानकारी देते हुए सभी प्रदेश, जिला, मण्डल के समस्त कार्यकर्ता तथा पदाधिकारियों से कार्यक्रम में शामिल होने को कहा है। श्री सिन्हा ने बताया कि श्री नाग ग्राम कामता सुबह 8 बजे, गुरामी 8.20 बजे, नेतामटोला 9 बजे,नंगूटोला 9.30 बजे, अरजपुरी 10 बजे, खैरकट्टा 10.30 बजे, भीमपुरी 11 बजे, बंजारी 11.30 बजे, चिलमगोटा 12 बजे, रेंगाडबरी 12. 20 बजे, अन्नुटोला 1.30 बजे, भीमाटोला 2 बजे, जुन्ना पानी 2.30 बजे, भर्रीटोला 3 बजे पहुंचेंगे। इसी तरह डुमाटोला 3.20 बजे, मंगचुवा 3.40 बजे, तुरमुडा 4.30 बजे, मुढोर्री 5 बजे, टेकापार 5.20 बजे, कमकापार 5.40 बजे, पीड़ियाल 6.10 बजे, हितापठार 6.30 बजे, लमती शाम 7 बजे, तुमडीकसा 7.30 बजे के बाद भंवरमरा में रात्रि 8 बजे दौरा समाप्त होगा।

### बोड़रा में शिव महापुराण कथा 27 से

**गुरूर।** ग्राम बोड़रा में शारदा महिला संगठन व ग्रामीणों द्वारा श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 27 अप्रैल से 1 मई तक किया गया है। कथावाचक देवेन्द्र तिवारी तथा परायणकर्ता कैलाश तिवारी होंगे। कथा शाम 4 बजे से 8 बजे तक होगी। पहले दिन 27 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली जाएगी। वहीं, पंचवेदी पूजन के बाद कथा दोपहर 12 बजे से होगी। 28 अप्रैल को शिव लिंग महिमा, नारद मोह कथा होगा।

# जिले में राजस्व मामले की हजारों फाइलें लंबित, आचार संहिता से रुकी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद शासन ने सभी जिलों को राजस्व मामले तेजी से निपटने के निर्देश दिए थे । हर जिले में हजारों की संख्या में पेडेंसी को कम करने के क्रम में जिले में भी नए कलेक्टर की अगुवाई में कुछ तेजी देखने को मिला ,परंतु इसके बावजूद जिले में राजस्व से संबंधित हजारों मामले लंबित पड़े हुए हैं । पहले राजस्व की सुस्त चाल और अब लोकसभा चुनाव के चलते लगी आचार संहिता के कारण इन मामलों की सुनवाई अटक गई है। ऐसे में फरियादियों को अपने न्याय के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय कि पिछले साल नवंबर-दिसंबर महीने में विधानसभा चुनाव होने के कारण राजस्व संबंधित मामलों की सुनवाई नहीं हो पाई थी, जिसके कारण भी लंबित मामलों की संख्या में इजाफा देखने को मिला था । बेमेतरा जिले में बीते डेढ़ साल में भी लंबित मामलों की संख्या में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है । राजस्व से संबंधित किसी भी प्रकार में न्याय के लिए पहुंचने वाले फरियादियों को लंबा इंतजार करना पड़ा है। कई दफा शिकायतें भी सामने आई है परंतु उसके बाद भी कोई असर राजस्व महकमे की कार्यप्रणाली पर देखने को नहीं मिला रहा है । जिले में राजस्व मामलों की पेंडेंसी बहुत ज्यादा ही बढ़ गई है ।लंबित मामलों में नामांतरण, सीमांकन ,खाता विभाजन और डायवर्सन के मामले अधिक है बताया जा रहा की इनका निराकरण करने में अधिकारियों को कई महीने लग जाएंगे स्थिति तो यह है कि अब चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद ही लंबित मामलों की सुनवाई हो पाएगी ? अब इसके बाद नगर पालिका और नगर पंचायत के चुनाव होंगे उसके जस्ट बाद त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव में भी प्रशासन जुट जाएगा ।

## पहले विधानसभा और अब लोकसभा चुनाव के कारण सुस्त पड़ी रफ्तार

### हर काम के लिए रेट कार्ड फिक्स

इधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजस्व मामले के किसी भी पर काम के लिए बिना चढोतरी फाइल ही आगे नहीं बढ़ रही है। हालत यह है कि हर काम के लिए एक रेट कार्ड तैयार कर लिया गया है। पिछली सरकार में भी इसी तरह की शिकायतें आने पर भाजपा नेताओं ने कहा था कि सरकार बदलने के बाद हालात बदलेंगे । लेकिन सत्ता परिवर्तन का असर यहां नहीं दिखाई दे रहा है । ऋण पुस्तिका बनवाने के लिए 5 हजार सीमांकन बतांकन के लिए 15 से 20 हजार रुपए तक की मांग पटवारी द्वारा की जारी है। वहीं, अगर किसी प्रकार की नकल भी आपको अपनी जमीन की चाहिए तो उसके लिए भी एक फिक्स राशि देनी होगी।



**लगातार लोग लगा रहे चक्कर :** राजस्व न्यायालय में जिन लोगों के आवेदन लंबित हैं, वे लगातार अधिकारियों से संपर्क कर समस्या के निराकरण का जवाब मांगते हैं। ऐसे में अधिकारी उन्हें यही बताते हैं कि चुनाव आचार संहिता लगी है और सारे अधिकारी चुनाव संपन्न कराने में लगे हैं।आचार संहिता 6 जून तक रहेगी। उसके बाद ही प्रकरणों की सुनवाई हो पाएगी ।

### दफ्तर सूने, नहीं मिल रहे अफसर

इधर आचार संहिता के कारण राजस्व महकमे के अधिकांश दफ्तरों में सन्नाटा पसरा हुआ है। इसके पीछे चुनावी ड्यूटी को कारण बताया जा रहा है। ऐसे में काम के सिलसिले में आने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। कई फरियादियों ने बताया के एसडीएम व तहसील कार्यालय में जहां आम जन चक्कर काट रहे हैं, वहीं बीते तीन माह से राजस्व संबंधित मामले की अपील कलेक्टर न्यायालय में भी की गई है, जहां सुनवाई नहीं की जा रही है।

## पर्व : नवरात्रि के अंतिम दिन विभिन्न स्थानों पर निकाली गई शोभायात्रा

# सड़कों पर उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब ज्योति जंवारा का किया गया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर सहित अंचल के विभिन्न देवी मंदिरों में नवरात्रि पर्व पर स्थापित मनोकामना ज्योति कलश का विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। इसके साथ ही घरों में स्थापित जोत जंवारा एवं मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन श्रद्धा भक्ति के साथ किया गया।

नवरात्रि पर्व पर महाअष्टमी की पूजा-अर्चना एवं पूर्णाहुति के साथ महाआरती किया गया। तदुपरांत दूसरे दिन को देवी मंदिरों में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन करने की क्रम सुबह से प्रारंभ हो गया। सबसे पहले महामाया मंदिर में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश को महिलाओं के द्वारा कतारबद्ध होकर निकाला गया। जो बाजारपारा में स्थापित स्थित माता शीतला मंदिर के पास पहुंचा। यहां पर शीतला मंदिर में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश को महिलाओं के द्वारा कतार बद्ध होकर निकाला गया। तदुपरांत विभिन्न जस गीत मंडली के द्वारा जस गीत एवं आतिशबाजी के साथ बाजारपारा में स्थित माता भद्रकाली मंदिर के पास तालाब में पहुंचे। जहां पर बैगाओं के द्वारा मनोकामना कलश विसर्जन के पूर्व पूजा किया गया। तदुपरांत एक एक करके ज्योति कलश को विसर्जित किया गया। वहीं माता भद्रकाली में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश, बमलेश्वरी मंदिर के कलशों को मंदिर परिसर में ही विसर्जित किया गया।



### मोहभट्ठा वार्ड में श्रद्धा-भक्ति के साथ किया गया विसर्जन

शहर के मोहभट्ठा वार्ड नंबर 06 में महामाया मंदिर में 76 ज्योत, दुर्गा मंदिर में 12,शीतला मंदिर में 27 ज्योत व सनत साहू के यह 1 ज्योत रखा गया था। जिसे सेवा गीत के साथ दुर्गा मंदिर, शीतला मंदिर और महामाया मंदिर से जंवारा विसर्जन के लिए निकला गया। इस दौरान समिति के सदस्य धरम वर्मा, नारायण साहू,शिव साहू, द्वारिका वर्मा, दाऊराम वर्मा, हीरालाल साहू, फुलसिंग वर्मा, प्रहलाद मिश्रा,रमेंद्र वर्मा,प्रह्लाद मिश्रा,मनोज मिश्रा, पंडा महेश यादव, मोहन ध्रुव, बिसौना सेन, चैतराम साहू सहित वार्ड के नागरिक व श्रद्धालु शामिल रहे ।

### चीजगांव में जंवारा विसर्जन

प्राचीन परंपरा के अनुसार मां शीतला मंदिर में अष्टमी तिथि को नौ कन्या पूजन किया गया। बुधवार सुबह रामनवमी तिथि को ग्राम के शीतला मंदिर एवं श्रद्धालुओं के घरों में स्थापित ज्योति कलश सहित जंवारा विसर्जन हुआ। जंवारा विसर्जन जस सेवा गीत गायन के साथ शीतला प्रांगण से होकर गांवों के मुख्य मार्ग से होते हुए तालाब पहुंचा। विसर्जन कार्यक्रम लालपुर-चीजगांव मार्ग स्थित तालाब में सम्पन्न हुआ।

## विधायक ईश्वर ने टेका माथा



साजा विधायक ईश्वर साहू ने बुधवार को शहर के मंदिरों में जाकर लोगों को रामनवमी की बधाई दी । वहीं जोत जंवारा का दर्शन किया । उनके साथ प्रेमलाल साहू, त्रिलोकी, नारद साहू, राजू शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए ।

## श्रीराम जानकी मंदिर में हुई विशेष पूजा-अर्चना

**बेमेतरा।** जिले सहित नगर में रामनवमी पर्व बड़े धूमधम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राम मंदिर में विधि-विधान के साथ राम जी का जन्म उत्सव भी मनाया गया। वहीं इस मौके पर श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान राम के दर्शन करके आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

बुधवार को रामनवमी मनाया गया, जहां नगर में स्थित राम मंदिर में राम जन्म उत्सव श्रद्धा भक्ति और आस्था के साथ श्रद्धालुओं के द्वारा मनाया गया। जहां पर सुबह राम मंदिर के आचार्य शिव पाठक के द्वारा भगवान राम सीता और लक्ष्मण हनुमान जी का मंत्र उच्चारण के साथ वैदिक पूजा पाठ किया गया। राम कथा एवं राम भजन का भी आयोजन किया गया। दोपहर करीब 12:00 बजे राम जन्म उत्सव मनाया गया। जहां पर एक बार फिर से भगवान राम मां जानकी लक्ष्मण के मूर्ति का पूजा कर महाआरती किया गया। तत्पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को पंजीरी प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। जहां भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। राम रामनवमी पर्व पर बाजार रोड पर स्थित श्रीराम मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया था। जहां पर श्रद्धालुओं ने भगवान राम सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी की मूर्ति का अपने अनुसार पूजा अर्चना कर विभिन्न प्रकार के सामग्री भेंट किया गया।



## धूमधाम से मनाई गई रामनवमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

अंचल में रामनवमीं धूमधाम से मनाया गया। वहीं कलश शोभायात्रा निकाला गया। जिसके बाद भगवान राम की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया गया।

राम नवमीं के त्यौहार का महत्व हिन्दू धर्म सभ्यता में महत्वपूर्ण रहा। आपको बता दें कि इस पर्व के साथ ही मां दुर्गा के नवरात्रि का समापन भी होता है। यह पर्व अंचल सहित जिले में श्रद्धा और आस्था के साथ राम नवमीं मनाया गया। लिहाजा ब्लॉक बेरला के नगर बेरला वार्ड नंबर 03 बायपास में भगवान श्री राम के भक्तजनों राम नवमीं धूमधाम से मनाया गया। वहीं परिपेक्ष में राम नवमीं पर्व पर आम जनमानस की सेवा में रसना व प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजक विजय दुबे, हरिकिशन मिश्रा, शिवझड़ी सिन्हा, राकेश यादव, पप्पू, राजा, सोनू, पोखन, शेखर अजय विश्वकर्मा आदि सम्मिलित रहे।

## चालकों से 8 हजार का वसूला जुर्माना

**बेमेतरा।** जिले में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन अवैध कार्यों के रोकथाम से लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही यातायात नियमों के उल्लघंन पर कारवाई भी किया जा रहा है। इसी के तहत विगत चार दिवस में यातायात टीम ने जिले सभी थाना क्षेत्र में 22 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कारवाई करते हुए 8 हजार 100 रूपये जहां जुर्माना शुल्क वसूला। वहीं जिले के विभिन्न थाना/चौकी प्रभारियों ने माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए 23 प्रकरण दर्ज कर 29 व्यक्ति के विरूद्ध धारा 110,107,116 (3), 151 मामला दर्ज किया। इसी तरह थाना बेमेतरा, साजा, परपोडी, नवागढ, दाढी, बेरला एवं देवकर में आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने का 14 प्रकरण में 14 आरोपियो के विरूद्ध धारा 36(च) एवं धारा 36(सी) आबकारी एक्ट की धारा लगा कर कारवाई किया गया।



## बाल विवाह रुकवाया, वर वधू पक्ष को दी गई समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम-मोहलाई, तह-बेमेतरा के एक युवक का विवाह सहसपुर लोहारा के एक बालिका से बाल विवाह किये जाने की सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पुलिस विभाग संयुक्त टीम द्वारा बाल विवाह रुकवाया।

शिकायत प्राप्त होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सह जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के निर्देश पर एवं परियोजना अधिकारी एचं जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन पर टीम गठित किया जाकर ग्राम मोहलाई में मांडले परिवार के एक बालक का बाल विवाह रुकवाया गया। उक्त युवक की बारात सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम प्रस्थान हो गयी थी। सूचना के पश्चात टीम द्वारा युवक के घर वालों के माध्यम से बारात वापस ग्राम-मोहलाई जिला बेमेतरा बुलवाकर कार्यवाही किया गया। वधु पक्ष को भी दूरभाष के माध्यम से समझाईस दी गई।

टीम द्वारा समझाईस दिये जाने पर वर पक्ष द्वारा उक्त बालिका का विवाह वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत विवाह किये जाने की शपथपूर्वक कथन किया।



## चौपाल लगाकर ग्रामीणों को किया सचेत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के हॉट, बाजार में हमर पुलिस हमर बजार अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को नशा मुक्ति, सायबर, फर्जी काल, ठगी, यातायात नियमों व अन्य अपराधों के संबंध में पुलिस द्वारा जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना नवागढ़, दाढी, चंदनू एवं पुलिस चौकी संबलपुर, देवकर स्टाफ ने ग्राम छिरहा, अंधियारखोर, संबलपुर, देवकर, ग्राम बुचीपुर नवरात्रि मेला एवं हॉट/बाजार में आसपास के ग्रामीण अंचल से आए लोगों को चौपाल लगाकर जागरूक किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने आमजनों को साइबर अपराध, फर्जीकाल ठगी के संबंध में अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। सायबर प्रहरी के संबंध में ग्रामीणजनों को जागरूक किया गया।

## श्रीराम सेवा समिति ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

# रामनवमीं पर जीवनदान की पहल, 23 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ शिविर में बेमेतरा जिला चिकित्सालय की टीम ने दी सेवा

रामनवमीं के पावन अवसर पर श्री राम मंदिर प्रांगण बेमेतरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 23 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर सी ए म ए च ओ सह सिविल सर्जन डॉ एस. आर. चुरेंद्र के निर्देशन में रखा गया। शिविर में श्री राम सेवा समिति के सदस्य अनुज अग्रवाल, रवि अग्रवाल, रितेश तापड़िया, संगम दुबे आदि समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय बेमेतरा से चिकित्सा अधिकारी डॉ चंद्र प्रकाश नोडल अधिकारी रक्तकोष बेमेतरा, विजय कुमार दौरे एमएलटी, संजय कुमार, एमएलटी आईसीटीसी, पुराणिक नायक काउंसलर, भूपेंद्र कुर्रे एमएलटी धनु वर्मा एमएलटी, विष्णु पटेल एमएलटी, गुलाब यदु एमएलटी, कुलेश्वरी साहू ब्लड बैंक काउंसलर, विनेश्वर जायसवाल काउंसलर, ऋषि जांगड़े वार्ड बॉय, कृष्ण कुमार वर्मा वाहन चालक सेवा देने उपस्थित रहे।



### ये रहे रक्तवीर, किया गया सम्मानित

शिविर में सुनील वर्मा, राहुल वर्मा, रितेश कुमार तापड़िया, रवि कुमार अग्रवाल, श्याम सलूजा, अमन अग्रवाल, भानु प्रताप गिरी गोस्वामी, संजय दास वैष्णव, राहुल अग्रवाल,चंद्रभान गुप्ता, विजेंद्र वर्मा, देवचरण साहू, संजय बांधे, राकेश मोहन शर्मा, प्रकाश सोनी, अंकित शर्मा, गौरव साहू, अखिलेश साहू, योगी राम साहू, विनीता रोहरा, रश्मि मिश्रा, शुभम साहू, गौरव शर्मा ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को सीएमएचओ डॉ संत राम चुरेंद्र, नोडल अधिकारी डॉ चंद्र प्रकाश और समिति के सदस्यों ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### शराब की अवैध बिक्री और जुआ-सट्टा मामले में 4 पकड़ाए

**दल्लीराजहरा।** लोकसभा चुनाव के पूर्व दल्लीराजहरा पुलिस सख्त हो गई है। अवैध शराब और जुआ-सट्टा जैसे मामलों में थाना राजहरा पुलिस ने बुधवार को शराब की बिक्री एवं सट्टा-पट्टी लिखने के आरोप में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी कदमदास कुर्रे पिता स्वं दुखुराम कुर्रे उम्र 60 वर्ष साकिन गुरूघासीदास वार्ड वार्ड क्रमांक 27 राजहरा थाना राजहरा जिला बालोद को घटना स्थल वार्ड क्रमांक 22 सतनाम भावन के पीछे राजहरा के पास में अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी, नगदी रकम 1220 रूपए बरामद किया गया। इसी तरह दिनबंधु तारम उर्फ दिनु पिता संतराम तारम उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बिटाल थाना राजहरा के पास राजहरा थाना राजहरा को घटना स्थल ग्राम बिटाल रोड के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकड़ा गया।

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# शहर की सफाई का बदलेगा सिस्टम, 3 शहरों के लिए यूनीफाइड सिस्टम का प्रस्ताव बनाकर भेजा

## शासन से मंजूरी मिलते ही एजेंसी तय करने होगा ऑनलाइन टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

इंदौर, मुंबई, दिल्ली, भुवनेश्वर जैसी मेट्रो सिटी की तर्ज पर शहर की सफाई का यूनीफाइड सिस्टम बनेगा। इसके लिए रायपुर नगर निगम ने 3 शहर भिलाई, बिलासपुर और रायपुर को शामिल कर समग्र सफाई का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को भेजा है। शासन स्तर पर मंजूरी मिलते ही लोकसभा चुनाव के बाद सफाई कार्य की एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया जायेगा। इसमें एक ही एजेंसी को पूरे शहर की सफाई का काम दिया जायेगा। अनुबंधित एजेंसी को ही सफाई के संसाधन उपलब्ध कराने होंगे, जिसमें आधुनिक मशीन से लेकर सेफ्टी सिस्टम सारा कुछ एजेंसी को करना होगा।

### बिलासपुर के 30 फीसदी हिस्से में सफल रहा प्रयोग

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में 30 फीसदी हिस्से में इस तरह का प्रयोग वहां के नगर निगम द्वारा किया गया है। इसके अच्छे परिणाम सामने आये हैं। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बताया, शासन स्तर पर यदि इस तरह के प्रस्ताव पर पहल होती है, तो नगर निगम शहर को स्वच्छ रखने यूनीफाइड फार्मूले को 3 शहरों में लागू करने तैयार है। उन्होंने बताया, इंदौर, भुवनेश्वर सहित अन्य मेट्रो सिटी में बाहर की बड़ी एजेंसी से शहर की सफाई कराने में बेहतर परिणाम सामने आये हैं। ऐसे में रायपुर शहर के 70 वार्डो में सफाई का नया सिस्टम लाना चाहते हैं। इससे नगर निगम को दो तरह के फायदे होंगे। पहला ये कि सफाई कर्मचारियों की स्पॉट पर गिनती की झंझट नहीं रहेगी और न ही निष्ठा एप की जरूरत पड़ेगी।




### सफाई बिल में अनियमितता पर लगेगा ब्रेक

सूत्रो के मुताबिक शहर के 70 वार्डों में सफाई के लिए वार्डवार ठेका पद्धति में सफाई बिल को लेकर गड़बड़ी, निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी मिलने की शिकायत आये दिन बनी रहती है। औचक निरीक्षण में भी इस तरह की खामियां सामने आती रही हैं। ऐसे में अनुबंधित ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने के अलावा कोई दूसरा विकल्प निगम के पास नहीं रहता। यदि सफाई का कार्य केन्द्रीयकृत कर एजेंसी तय की जाये, तो इसकी मानिटरिंग आसान रहेगी। बाहर की बड़ी एजेंसी सफाई कार्य में आने से निगम को सफाई कार्य में संसाधन कम लगेंगे।

नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्ड में ठेके पर चल रही सफाई व्यवस्था में अब जोनवार सफाई ठेका की जगह बाहर की एजेंसी को पूरे शहर की सफाई का ठेका देने की तैयारी है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बताया, हमने 3 शहरों में सफाई का यूनीफाइड सिस्टम लाने प्रस्ताव बनाकर शासन के पास भेजा है। शासन से स्वीकृति मिलते ही इसके नये सिरे से सफाई का ऑनलाइन टेंडर किया जायेगा। इसमें अनुबंधित एजेंसी को 70 वार्ड में सफाई कार्य के लिए जिम्मेदारी दी जायेगी। भिलाई, बिलासपुर और रायपुर इन 3 शहरों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे की अनुमानित मात्रा को ध्यान में रखकर समग्र प्रस्ताव बनाया गया है, ताकि बड़ी एजेंसी आधुनिक संसाधनों के साथ सफाई व्यवस्था को बेहतर बना सके।

## खबर संक्षेप

### उद्योग विभाग से हटाए गए शुक्ला

**रायपुर।** राज्य शासन ने उद्योग विभाग के अपर संचालक प्रवीण शुक्ला को अपर संचालक राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड के पद पर पदस्थ किया है। उनके स्थान पर आलोक त्रिवेदी को अपर संचालक उद्योग का प्रभार दिया गया है। श्री त्रिवेदी को संयुक्त सचिव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग में एक ही स्थान पर वर्षों से पदस्थ होने की शिकायत पर प्रवीण शुक्ला को वहां से हटाकर निवेश प्रोत्साहन बोर्ड में पदस्थ किया गया है।

### कम्युनिस्ट पार्टी के हरोडे ने नामांकन दाखिल किया



**रायपुर।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र से एसयूसीआई (कम्यूनिस्ट) पार्टी के कॉमरेड विश्वजीत हरोडे ने नामांकन दाखिल किया। कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, आज देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी जैसी तमाम समस्याओं से ग्रस्त है। मजदूर और किसान भी परेशान हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में सर्वहारा वर्ग की एकमात्र क्रांतिकारी पार्टी एसयूसीआई (कम्यूनिस्ट) ने पूरे देश में 151 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं।

### मनमीर हुए पुरस्कृत




**रायपुर।** रिंगरोड स्थित मॉल में टैलेंट हंट शो का आयोजन किया गया, जहां मनमीर ग्रेवाल को बेस्ट स्माइल एवं बेस्ट मॉडल ऑफ रायपुर का खिताब देकर पुरस्कृत किया गया।

### यूपीएससी में चयनित अनुषा व अभिषेक को कलेक्टर ने घर पहुंचकर दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने अभिषेक डांगे को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा 2024 में चयनित होने पर उनके घर पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अभिषेक का यूपीएससी में चयन हुआ है। उन्होंने 452वां रैंक प्राप्त किया है। कलेक्टर ने इस दौरान अभिषेक के माता-पिता को भी पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी। कलेक्टर कहा कि अभिषेक की सफलता पर पूरे रायपुर एवं छत्तीसगढ़ को गर्व है। उन्होंने अपनी मेहनत व लगन से यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने नालंदा लाइब्रेरी में घंटों अध्ययन कर यह लक्ष्य हासिल किया है। कलेक्टर ने अनुषा पिल्ले को भी यूपीएससी में चयनित होने पर उनके घर पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अनुषा पिल्ले ने 202वीं रैंक हासिल की है। अनुषा सेवानिवृत्त डीजीपी संजय पिल्ले एवं अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले की सुपुत्री हैं।

## एमआई हेलीकाप्टर से पहुंचाए गए 56 मतदान केंद्रों के 336 कर्मी

# बस्तर के अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए तीन दिन पहले ही मतदान दल कैंप में पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदान दलों को मतदान के तीन दिन पूर्व रवाना कर मतदान केंद्र के समीप बनाए गए कैंप में सुरक्षित पहुंचाया गया। बस्तर लोकसभा के पहुंच विहीन क्षेत्रों में स्थित बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर जिले के 56 मतदान केंद्रों में 336 मतदान कर्मियों को हेलीकाप्टर के जरिए पहुंचाया गया।

बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को चुनाव कराने पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई हैं। नक्सल क्षेत्र में मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर से कैंप तक पहुंचाया गया। कोंटा, बीजापुर और नारायणपुर के कुछ क्षेत्रों में तीन दिन पहले मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया। वहीं बुधवार को करीब 100 मतदान दलों को भेजा जाएगा। इनमें दंतेवाड़ा, कोंडागांव, कोंटा, नारायणपुर के मतदान केंद्रों के लिए 583 कर्मी शामिल हैं। सुकमा जिले के कोंटा विधानसभा के मतदान केंद्र 196 के मतदाताओं को 18 किमी. पैदल चलकर मतदान केंद्र मुर्लिगुदा में मतदान करना होगा। यहां नक्सलियों द्वारा बारूदी सुरंग लगाए जाने के कारण वाहनों का इंतजाम नहीं किया जा सकता। नक्सली भी नहीं चाहते कि ग्रामीण यहां मतदान करने पहुंचें। ऐसे में सुरक्षा बलों के इंतजाम से ग्रामीण यहां पैदल ही मतदान करने पहुंचने का प्रयास करेंगे।



### बस्तर लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था

बस्तर संभाग के सभी 12 जिले नक्सल प्रभावित जिले माने जाते हैं। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था टाइट रखने के लिए पूरे क्षेत्र में 1 लाख से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है।

### बस्तर में 19 अप्रैल को मतदान

बस्तर लोकसभा सीट पर कांग्रेस से छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री कवासी लखमा और भाजपा से महेश कश्यप आमने सामने हैं। महेश कश्यप की आदिवासियों के बीच अच्छी पैठ मानी जाती है। कांग्रेस के कवासी लखमा की नक्सल क्षेत्र में आदिवासियों के बीच अच्छी पकड़ है।

### 50 हजार कर्मी कराएंगे मतदान

उन्होंने बताया कि पहले चरण के मतदान के लिए 1961 बूथ बनाए गए हैं। अतिसंवेदनशील क्षेत्र के 250 से ज़्यादा मतदान केंद्रों को शिफ्ट किया गया है। मतदान के लिए मंगलवार से मतदान कर्मियों को रवाना किया गया है। तीन दिन पहले मतदान कर्मियों को रवाना करने का प्रावधान किया गया है। सुरक्षा कर्मी से लेकर मतदान कर्मी या फिर अन्य कर्मचारी मिलाकर लगभग 50,000 कर्मचारी यहां मतदान कराएंगे।

### वेबकास्टिंग के जरिए होगी निगरानी

*बस्तर लोकसभा के 250 मतदान केंद्रों को चुनाव आयोग ने सुरक्षा कारणों से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया है। बस्तर के 6 जिलों के 156 मतदान केंद्रों तक 1009 मतदान दलों को पहुंचाने चुनाव आयोग ने एमआई हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की है। हेलीकॉप्टरों की लैंडिंग के लिए 44 हेलीपेड बनाए गए हैं। मतदान दलों को दो दिन पहले रवाना किया जाएगा। मतदान के एक दिन बाद ये दल लौटेंगे। इनकी निगरानी के लिए माइक्रो आब्जर्बर नियुक्त किए जाएंगे। वेबकास्टिंग के जरिए भी इन बूथों की मॉनिटरिंग की जाएगी।*

### दो एयर एंबुलेंस की व्यवस्था

*अधिकारियों ने बताया कि बस्तर में आपात स्थिति में मतदान कर्मी या जवानों को बेहतर इलाज के लिए शिफ्ट करने दो एयर एंबुलेंस तैयार रहेंगे। इनमें एक हेलीकॉप्टर और एक चार्टर प्लेन शामिल है। दोनों जगदलपुर पहुंच चुके हैं, 21 अप्रैल तक यहीं रहेंगे। हादसे में जख्मी मतदान कर्मी या जवानों को रायपुर से बाहर मेट्रो सिटी में शिफ्ट करना पड़ा, तो उसके लिए एयर एंबुलेंस के रूप में एयरफोर्स का चार्टर प्लेन 24 घंटे अलर्ट मोड में रहेगा।*

# विकास मरकाम बोले- 150 सीटें कांग्रेस को नहीं मिली तो क्या राहुल राजनीति से संन्यास लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, वे अपनी पार्टी की चिंता करें तो बेहतर होगा। उन्होंने सवाल किया कि क्या कांग्रेस पार्टी इस लोकसभा चुनाव में दहाई के आंकड़े को छू पाएगी। हम चुनौती देते हैं भाजपा को 150 सीटें मिलने की बात करने वाले दीपक बैज पहले यह बताएं क्या कांग्रेस पार्टी 150 सीटें जीत पाएगी। यदि ऐसा नहीं होता है, तो क्या राहुल गांधी राजनीति से संन्यास लेकर इटली चले जाएंगे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पूरी ग्यारह सीटें नहीं जीत पाई, तो क्या दीपक बैज राजनीति छोड़ देंगे। विधानसभा चुनाव के समय में भी कांग्रेस ने बड़ी बड़ी बातें की थीं, क्या हुआ? छत्तीसगढ़ की सत्ता से जनता ने उखाड़ फेंक दिया।



## कांग्रेस और भूपेश को जनता ने नकारा, पूर्व मुख्यमंत्री का अब अपने भी छोड़ रहे साथ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार जाने के बाद जहां कांग्रेस जनता के मन से उतरी है, वहीं भूपेश बघेल भी जनता के साथ-साथ कार्यकर्ताओं और अब परिवार के लोगों के मन से भी उतर गए हैं। उनकी भाभी सीमा बघेल ने भी कांग्रेस छोड़ भाजपा में प्रवेश कर लिया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस द्वारा महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने के नाम पर जो फार्म भरवाया जा रहा है, उसे बस्तर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने झूठा बताया है। इससे कांग्रेस का झूठ सबके सामने आ गया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, भूपेश सरकार के धत्कर्मों और भ्रष्टाचार ने प्रदेशवासियों के मन में गहरा आघात किया है। झूठ-फरेब की राजनीति और वादाखिलाफी के साथ-साथ भ्रष्टाचार व घोटालों के सरताज भूपेश बघेल की सरकार से बुरी तरह त्रस्त जनता ने 75 पार का नारा देने वाली कांग्रेस को प्रदेश की जनता ने 35 सीटों पर ला पटका।



# चौधरी बोले- भाजपा का संकल्प पत्र युवाओं को प्रगति के अवसर देगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र को युवाओं के लिए आशा और विश्वास के नए आलोक में विकास व प्रगति के अवसर देने वाला बताते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में काफी तेजी से काम हुआ है और इससे देश की युवा प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने तथा सर्वतोमुखी विकास के पर्याप्त अवसर मिले हैं। श्री चौधरी ने कहा, इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में काम होने से एक ओर जहां निवेश की नई संभावनाएं आकार लेती हैं, उद्योग-कारखानों की स्थापना होती है वहीं निवेश से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। श्री चौधरी ने कहा, भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में युवाओं को फोकस करके यह स्पष्ट कर दिया है कि युवा प्रतिभाओं को अवसर देकर विकसित भारत के संकल्प को 2047 तक साकार करने का विजन लेकर भाजपा काम कर रही है। भाजपा ने प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर युवाओं की समस्या को ध्यान में रखकर यह संकल्प व्यक्त किया है कि पेपर लीक पर लगाम लगाने के लिए कानून लाया जाएगा। भाजपा सरकार ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता को रोकने के लिए सख्ती करने का निर्णय लिया है।



### शिवरतन बोले- प्रियंका को माता दंतेश्वरी देवी के नाम का सही उच्चारण सीख कर आना चाहिए

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा, कांकेर के चुनावी दौरे पर आने वाली प्रियंका वाड्रा गांधी को इस बार कम से कम माता दंतेश्वरी देवी के नाम का सही उच्चारण सीख कर आना चाहिए, क्योंकि विदेशों में शिक्षा-दीक्षा लेने और अधिकतर समय वहां बिताने के कारण गांधी परिवार के राहुल गांधी आज तक भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा को नहीं समझ पाए हैं, जबकि उनकी उम्र 50 साल से अधिक हो गई है। श्री शर्मा ने कहा, अभी पिछले दिनों राहुल गांधी ने बस्तर में आयोजित कांग्रेस की सभा में दंतेश्वरी माता के बदले जय दंतेश्वर माया कह डाला था। इससे एक बार फिर साबित हो गया है कि कांग्रेस की चाल और चरित्र दोनों हिंदू और सनातनी नहीं हैं। उन्हें हिंदू धर्म के देवी-देवताओं के नाम का सही उच्चारण करने भी नहीं आता है। माता दंतेश्वरी के नाम का सही उच्चारण नहीं करके राहुल गांधी हंसी के पात्र बने ही, साथ ही उन्होंने बस्तरवासियों का अपमान कर डाला। उनके इस उच्चारण से जनता समझ चुकी है कि पूरा गांधी परिवार सनातनी नहीं है, क्योंकि ये वही गांधी परिवार है, जिन्होंने श्री राम मंदिर के न्योते को ठुकराया था। श्री शर्मा ने कहा कि कम से कम प्रियंका गांधी अपने भाई राहुल के गलत उच्चारण की भूल सुधार कर लेंगी, लेकिन इसमें भी संशय है।



# विकास ने चलाया घर-घर संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने पश्चिम विधानसभा के भगत सिंह ब्लॉक का दौरा किया। माधव राव सप्रे वार्ड, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड, शहीद भगत सिंह वार्ड, संत रवि दास वार्ड, में जनसंपर्क किया। उन्होंने घर-घर जाकर प्रचार किया। रायपुरा सरोना दीनदयाल के बाजारों में जाकर लोगों से वोट अपील की। बस्तियों में पैदल-पैदल घूम कर कांग्रेस के लिए वोट मांगा। कांग्रेस की गारंटियों और भाजपा सरकार की नाकामियों के कारण बढ़ती महंगाई से भी आम जनता को रूबरू कराया। वार्डों में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर घर-घर कांग्रेस की गारंटियों को पहुंचाने का आग्रह किया। आम जनता से चर्चा के दौरान लोगों ने कहा, लोकसभा चुनाव में पहली बार हमने देखा कि घर-घर जाकर हर महिला, बुजुर्ग, युवाओं से मुलाकात कर उनका समर्थन मांग रहे हैं। क्षेत्र में पूर्व में किए गए विकास कार्य, सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए क्षेत्र की जनता ने उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, जनसंपर्क के माध्यम से रायपुर लोकसभा के 23 लाख लोगों से प्रत्यक्ष रूप से मिलने का लक्ष्य है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अशोक ठाकुर, पार्षद वीरेंद्र देवांगन, रवि थॉमस, करण शर्मा, शरद अग्रवाल, गौरी शंकर दुबे, मन्नू बाजपेई, बबीता नत्थानी, संगीता दुबे, सोहन शर्मा, प्रगति वाजपेयी, आरती उपाध्याय, डेमेन्द्र यदु, राजेश स्वामी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### महालक्ष्मी योजना से डर गई भाजपा, फैला रही भ्रम

**रायपुर।** कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना के बारे में भाजपा भ्रम फैला रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, नारी न्याय के फार्म के बारे में महालक्ष्मी योजना के बारे में भाजपा की झूठी बयानबाजी बता रही है कि इस फार्म के कारण भाजपा डर गयी है। यह महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिये किये जाने वाला वादा है।

# गंगरेल डेम से शहर को 250 क्यूसेक पानी, पेयजल की नहीं होगी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

गंगरेल डेम से रायपुर शहर को 250 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है, जबकि सामान्य दिनों में यह मात्रा 200 क्यूसेक तक रहती है। जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक शहर की पेयजल जरूरत के हिसाब से 250 क्यूसेक पानी की आपूर्ति पर्याप्त है। यही नहीं, भाठागांव स्थित एनीकट में 2 इंच ऊपर तक पानी का बहाव बना हुआ है। इसीलिये शहर की पेयजल आपूर्ति में किसी तरह की दिक्कत नहीं आयेगी।

नगर निगम के 10 जोन स्थित शहर के 70 वार्डों में 14 लाख आबादी को पेयजल आपूर्ति के लिये जल संसाधन विभाग द्वारा गंगरेल डेम से शहर को वर्तमान में 250 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है। शहर की नई पुरानी 43 पानी टंकियों के माध्यम से इससे शहर के पेयजल की आपूर्ति हो रही है। फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेन्द्र ने बताया, गंगरेल डेम में शहर के लिये 3.15 टीएमसी पानी सुरक्षित रखा गया है। नगर निगम के जल विभाग ने जल संसाधन विभाग के साथ शहरवासियों के पानी की डिमांड को ध्यान में रखते हुए 15 साल का एग्रीमेंट वर्ष 2015 में किया है। 2030 में इस अनुबंध को आवश्यकता अनुसार 15 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। शहर के विस्तार और भविष्य में पानी की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने शासन को पत्र लिखा है कि गंगरेल डेम से शहर के रिजर्व रॉ वाटर की मात्रा बढ़ाकर 4 टीएमसी की जाये।



एनीकट से 2 इंच ऊपर बह रहा पानी

### 4 नई पानी टंकियों से बढ़ी पानी की डिमांड

राजधानी में 4 नई पानी टंकियों से पेयजल आपूर्ति से इन टंकियों से पानी की डिमांड बढ़ गई है। नगर निगम जोन 8 के माधवराव सप्रे वार्ड स्थित रायपुरा की नई पानी टंकी से आउटर के वार्डों में पानी आपूर्ति की जा रही है। गर्मी से पहले इस पानी टंकी को 5 मीटर तक भरा जा रहा था, पर अब इसे 6 मीटर क्षमता तक भरा जा रहा है। भारतमाता चौक रामनगर की नई टंकी सामान्य दिनों में रोजाना 5 मीटर भरी जाती थी, गर्मी शुरू होने पर 6.5 मीटर पानी औसतन भरा जा रहा है। इसी तरह नगर निगम जोन 1 क्षेत्र की भनपुरी की नई पानी टंकी शुरू होने से इससे लगे 3 वार्डों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। संत रविदास वार्ड के सरोना स्थित पानी टंकी को पर्याप्त क्षमता के साथ जल विभाग ने भरने का काम शुरू कर दिया है।

# जोन के इंजनों में लगा 'कवच' सिस्टम, ट्रायल में 130 की रफ्तार पर रेड सिग्नल में रुका इंजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने रेलवे देशभर में इंजनों पर कवच प्रणाली स्थापित कर रहा है। इस कार्य के लिए सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने भी सराहना की है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अन्य रेलवे जोन की तुलना में कवच प्रणाली को लागू करने में पीछे चल रहा है। सफल परीक्षण के बाद भी पटरियों और इंजन से आधुनिक सिस्टम जुड़ नहीं पाया है। सीपीआरओ विकास कश्यप ने बताया कि इंजनों में कवच लगने का कार्य जारी है। स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' के ब्रेकिंग सिस्टम का परीक्षण सफल रहा। यह परीक्षण हाई स्पीड ट्रेन पर किया गया, जिसमें लगभग 130 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रहा इंजन रेड सिग्नल पर अपने आप ब्रेक लगाकर रुक गया। इंजन ड्राइवर को कहा गया था कि वह रेड सिग्नल पर ब्रेक ना लगाए। हम यह देखना चाहते थे कि क्या कवच सिस्टम रेड सिग्नल देखकर अपने आप ब्रेक लगाता है या नहीं? कवच सिस्टम को रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन ने विकसित किया है। आपातकालीन स्थिति में अगर ड्राइवर समय पर ब्रेक नहीं लगा पाता है, तो कवच सिस्टम स्वचालित तरीके से खुद ट्रेन को ब्रेक लगाकर रोक सकता है।



### 2023 तक पूरा करना था काम

नियमानुसार रेलवे को 2023 तक जोन की पटरियों में यह कवच सिस्टम लगा देना था, लेकिन टेंडर में विलंब होने से अभी तक काम पूरा नहीं हो पाया है। दपूमरे जोन के यात्रियों की किस्मत काफी अच्छी है, इसलिए दो साल में 8 बार यात्री ट्रेनों के पहिए पटरी से उतर गए, लेकिन कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हर बार रेलवे ने तकनीकी कारण बताकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। पिछले साल शिवनाथ एक्सप्रेस की एक बोगी नागपुर जाने वाली लाइन पर पटरी से उतरी गई थी। 8 महीने पहले इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस के बफर अलग होने की घटना सामने आई थी।

## खबर संक्षेप



### नगर सेवा विभाग ने लक्ष्य से अधिक की राजस्व वसूली

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग ने वित्त 2023–24 में 100.55 करोड़ रूपये का राजस्व एकत्र कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। 97 करोड़ राजस्व एकत्र करने का लक्ष्य था। इसकी तुलना में 100.55 करोड़ रूपये का राजस्व एकत्र किया है। इसके लिए डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता ने विभाग की सराहना की है। नगर सेवा विभाग ने विगत वित्त वर्ष 2022–23 में 91.75 करोड़ राजस्व की प्राप्ति की थी। इसकी तुलना में वित्त वर्ष 2023–24 में 100.55 करोड़ का राजस्व एकत्र कर लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 2021–22 में 86.26 करोड़, वित्त वर्ष 2020–21 में 80 करोड़ रूपये और वित्त वर्ष 2019–20 में 66.49 करोड़ रूपये राजस्व एकत्र किया था । नगर सेवा विभाग ने राजस्व वसूली के लिये विशेष रूप से प्रयास कर 31 मार्च, 2024 के पूर्व अपने लक्ष्य को पार करने में सफल रहा। इसके लिये नगर सेवा विभाग ने इनफोर्समेंट विभाग के मदद से लम्बित प्रकरणों पर भी कार्यवाही की।

### नौकरी का झांसा देकर 2 लाख की ठगी

**भिलाई।** नौकरी का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि शिक्षक नगर धमधा निवासी सुनीता दिल्लीवार लैब टेक्निशियन के पद पर धमधा में पदस्थ है। नौकरी लगाने के नाम पर झांसा देकर महिला से दो लाख 3 हजार 950 रुपए का ठगी किया।पीड़िता के मोबाईल मे आनलाईन सर्विस के नौकरी का विज्ञापन देखकर नौकरी डाट काम में नवम्बर 2023 में अपना बायोडटा डाली थी। जॉब के लिए बायोडाटा डालने के बाद अज्ञात मोबाइल धारक ने काल कर बायोडाटा डाले गये जॉब के लिये विभिन्न समय पर रुपए लिए गए। इसके अलावा 24 जनवरी 2024 को 60,000 रूपये की मांग अज्ञात द्वारा नौकरी के लिए रुपए का डिमांड कर रहा था। परेशान होकर महिला ने शिकायत पुलिस से की है।

### फैक्ट्री में करंट से मृत छात्र के परिजनों को दिलाया 5 लाख रुपए का मुआवजा

**भिलाई।** औद्योगिक क्षेत्र भिलाई फैक्ट्री साउथ इंडिया इंडस्ट्री में काम के दौरान करंट लगने से मृत छात्र के परिजनों को यूनियन की पहल पर जिला व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में फैक्ट्री संचालक से 5 लाख रुपए का मुआवजा मिला है। इस दौरान एचएमएस यूनियन के छत्तीसगढ़ के कार्यवाहक अध्यक्ष एचएस मिश्रा सहित यूनियन पदाधिकारी भी उपस्थित थे। मिश्रा ने नियम कानून के पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साउथ इंडिया इंडस्ट्रीज में 13 अप्रैल की दोपहर को पार्ट टाइम जॉब करने वाले कॉलेज के छात्र लक्ष्मण नगर निवासी विकास ( 19 वर्ष ) की करंट लगने से मौत हो गई थी।



**बेमेतरा : श्रद्धा-भक्ति के साथ हुआ जोत..**





पर्व : राम नवमी के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् ने किया आयोजन

# श्री राम जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा भगवान के दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

श्रीराम जन्मोत्सव पर विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शिव पार्वती के विवाह की झांकी, 8 फीट ऊंची हनुमान जी की चैतन्य झांकी एवं राउत नाचा व आदिवासी नृत्य ने दर्शकों को आकर्षित किया।

विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा लगातार दूसरे साल भगवान श्रीराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर के श्रीराम जानकी गायत्री मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों पर नगर का भ्रमण करते हुए ग्राम कोलिहामार के भंगाराम शीतला मंदिर से वापिस श्रीराम जानकी गायत्री मंदिर पहुंची।

■ शिव-पार्वती विवाह व हनुमान जी की झांकी रहा आकर्षण का केंद्र

इस दौरान 50 से अधिक स्थलों पर भण्डारा का आयोजन किया गया तथा शीतल पेय का वितरण किया गया। 50 से अधिक स्थलों पर रामभक्तों ने स्वस्फूर्त भण्डारा एवं शीतल पेय के साथ शरबत की व्यवस्था की थी।इसमें बड़ी संख्या में व्यवसायी, निजी संगठन व श्रद्धालु सम्मिलित थे। इन स्थलों पर शोभायात्रा के अतिरिक्त राहगिरों को भी श्रीराम जन्मोत्सव पर शरबत एवं भण्डारा का प्रसाद प्रदान किया गया।

शोभायात्रा में भगवान राम, सीता व लक्ष्मण व हनुमान जी की जीवंत झांकी के साथ रामभक्त हनुमान की झांकी विशेष आकर्षण का केन्द्र थी। शोभायात्रा में आदिवासी नृत्य के साथ अन्य आकर्षक झांकी को भी लोग निहारते रहे। पूरे आयोजन में विश्व हिन्दू परिषद् के जिला उपाध्यक्ष चोलेश कुमार देशमुख, जिला सह मंत्री जयंत साहू, गुरुर प्रखंड अध्यक्ष लोकेश साहू, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश साहू, उपाध्यक्ष नूरसिंह साहू, मिश्रीलाल साहू, सचिव हरीश टुवानी, बजरंग दल संयोजक तेजेंद्र गंजीर, के सांथ पूनम चंद साहू, सोनू देवदास, दुर्गा दत्त मिश्रा, रेखराज साहू, मनीष साहू, लेखमणि साहू, रवि साहू, संदीप साहू, मातृ शक्ति सयोजिका योगिता शर्मा, पूनम साहू, मंजू साहू, बेबी ओझा, पिंकी चंद्राकर, दिनेश्वरी साहू उपस्थित थे।





## आदिकाल से मां भगवती दुर्गा की उपासक रहा है आदिवासी समाज

**डौंडीलोहारा।** भानुप्रतापपुर जिला कांकेर के सुदूर वनांचल ग्राम राहुलवाही में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध संत श्री राम बालक दास जी की धर्म सभा का आयोजन किया गया।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए संत श्री ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज के भोले भाले भाई बहनों को दिगभ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि समस्त आदिवासी समाज आदिकाल से मां भगवती दुर्गा दंतेश्वरी का पुजारी रहा है। हमें क्वांर और चैत्र नवरात्रि पर पूरे विधि विधान से हिंदू रीति से नवरात्रि का आयोजन करना चाहिए।

मां भगवती की साधना उपासना उपवास करके ज्योति जलाकर अपने उज्जवल भविष्य की कामना माता से करनी चाहिए। राहुलवाही जाते समय संबलपुर में ग्राम पंचायत द्वारा शीतला मंदिर में संत श्री का स्वागत किया गया।



इस अवसर पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए संत श्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धर्मांतरणकारी लोग आज आदिवासी समाज को अपना टारगेट बना रहे हैं। इससे भोले-भाले आदिवासियों को बचना चाहिए और सनातन हिंदू धर्म ही हमारा धर्म है यह उद्घोष करना चाहिए।

### गांव-गांव से पहुंची मंडलियां



नगर में निकली इस भव्य शोभा यात्रा में विकासखण्ड के दर्जनों ग्रामों से विविध मंडलियों के सदस्य व श्रद्धालु स्वस्फूर्त सम्मिलित होने पहुंचे। शोभायात्रा में पहुंचे राम भक्तों पर नगर वासियों ने जगह जगह पुष्पवर्षा की। घरों में रंगोली सजाई गई थी, तोरण-पताकाओं से द्वार को सजाया गया था। आंगन की लिपाई कर भगवान के स्वागत की तैयारी की गई थी। श्रद्धालुओं ने जगह जगह भगवान श्रीराम जानकी की आरती उतारी।

### बीएसपी ने वैल्यू एडेड स्पेशल स्टील ग्रेड का बढ़ाया उत्पादन, कीर्तिमान



**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने स्पेशल स्टील उत्पादन को बढ़ाते हुए पिछले वित्त वर्ष 2023–24 में 3.85 मिलियन टन वैल्यू एडेड स्पेशल स्टील ग्रेड का उत्पादन किया है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में दर्ज 3.54 मिलियन टन उत्पादन से अधिक है। वर्ष 2023–24 में स्पेशल स्टील ग्रेड का उत्पादन कुल सेलेबल स्टील उत्पादन का 73.8 प्रतिशत था। वर्ष 2023–24 में संयंत्र की प्लेट मिल द्वारा उत्पादित स्पेशल स्टील में 2,54,045 टन हाई टेंसाइल/सेल्मा ग्रेड प्लेट्स, 95,948 टन बयलर क्वालिटी ग्रेड, गैर–विनाशकारी परीक्षण के साथ 40 मिमी से अधिक मोटाई में 17,661 टन प्लेट्स, 65,970 टन नॉर्मलाइज्ड रोल्ड और 25,812 टन नॉर्मलाइज्ड माइल्ड प्लेट्स, 8466 टन सेल हार्ड ग्रेड प्लेट्स, 3155 टन कपर बियरिंग प्लेट और अन्य ग्रेड्स शामिल हैं। मिल ने वर्ष के दौरान नौसेना के जहाजों में उपयोग के लिए नेवल ग्रेड डीएमआर 249 ग्रेड ए की 1358 टन की लोडिंग भी की है।

**टीएमटी एचसीआर ग्रेड भी शामिल** : वर्ष 2023–24 में संयंत्र की मॉडेक्स यूनिट, बार एंड राड मिल द्वारा रोल किए गए स्पेशल स्टील ग्रेड में टीएमटी एचसीआर ग्रेड के 23,550 टन, सेल एसईक्यूआर 550डी ग्रेड के 3,32,698 टन, एफई500डी ग्रेड के 3,88,430 टन और एफई 550डी ग्रेड के 2,13,862 टन शामिल हैं।

खेरथा मंडल के विभिन्न ग्रामों में ग्रामीणों से की मुलाकात

# भाजपा के कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज ने मांगा जीत का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा





भारतीय जनता पार्टी के कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग ने रामनवमीं के दिन खेरथा मंडल के बुंदेली गाँव से जनसम्पर्क अभियान प्रारंभ किया। इस अवसर पर ग्राम वासियों ने श्री नाग का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विरेंद्र साहू, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य व खेरथा मंडल प्रभारी देवेन्द्र जायसवाल, जिला महामंत्री चेमन देशमुख, मंडल अध्यक्ष टिनेश्वर बघेल, जिला पंचायत सदस्य होरी लाल रावटे, जिला उपाध्यक्ष किशोरी साहू, जितेंद्र साहू, शिवधरमगुड़े, सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान श्री नाग ने बुंदेली, पापरा, फरदडीह, कसहीकला, हड़गहन, भुरकाभाट, भण्डेरा,फरदफोड़, सुरसुली, गंधरी,टंटेगा, जवरतला, देवरीबंगला, अछोली, सहित अनेक ग्रामों का सघन जनसंपर्क किया।

गांवों में श्री नाग ने लोगों से मुलाकात के दौरान उनका हालचाल जाना और केंद्र में एक बार फिर श्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए भाजपा को वोट देने का आग्रह किया। इसके साथ ही श्री नाग ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल के निवास में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से प्रचार प्रसार के संबंध जानकारी ली। उन्होंने अपने बुथों में जनसम्पर्क करने की अपील की। उसके बाद वे डौंडी लोहारा में कुछ समय के लिए रूके और नागरिकों से मुलाकात की। इस अवसर पर डौंडी लोहारा मंडल उपाध्यक्ष यतेन्द्र देवांगन, संघ खण्ड कार्यवाह महेंद्र जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष लता गुप्ता, महिला मोर्चा जिला मंत्री सुभद्रा टांडेकर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पायल सोनी, भाजयुमो जिला मंत्री पलाश गुप्ता,पार्षद रहिमत कोसमा, दशोदा भूआर्य, सोहद्रा देवांगन, धीरेन्द्र टांक, रवि लोढ़ा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कलेक्टर–एसपी ने आधी रात किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिले में लोकसभा चुनाव के चलते लगी आदर्श आचार संहिता और निर्वाचन आयोग के निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपादित करने चेक पोस्ट से लेकर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण व सुरक्षा एवं व्यवस्था का अवलोकन किया जा रहा है। चुस्त दुरुस्त तैयारियों के मद्देनजर अचानक आधी रात जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू निकल पड़े। उन्होंने देर रात पुलिस चौकी देवकर क्षेत्रांतर्गत स्थित निगरानी टीम ( एसएसटी ) के नाका, चेक पोस्ट पहुंच कर निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों आला अफसरों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहां पर तैनात पुलिस जवानों एवं अन्य अधिकारियों को जिलों के सीमाओं में प्रवेश करने वाले वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग करने व हमेशा सतर्क एवं सुरक्षित डयूटी करने के संबंध में हिदायत देते हुए उन्होंने सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण आवश्यक निर्देश जहां दिये वही आदर्श आचार संहिता का कडाई से पालन सुनिश्चित हो इस पर समझाइश दिया गया।

कलेक्टर एसपी के देर रात औचक निरीक्षण में के दौरान सहायक उप निरीक्षक भानुप्रताप पटेल, ग्रामीण कृषि विस्तारक अधिकारी साजा निलेश साहू, आरक्षक मनीष वर्मा, राजू धीवर मौजूद थे।

# मतदाताओं को फुटबॉल मैच के जरिए करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत फ्लड लाइट फुटबाल मैच का आयोजन 18 अप्रैल को संध्या समय 6 से 8 बजे तक किया जा रहा है।

■ 18 अप्रैल को आयोजन

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी व निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत राजेश पटेल स्पोट्र काम्पलेक्स सेक्टर 2 में फ्लड लाइट फुटबाल मैच का आयोजन किया गया है।

पहला मैच नगर पालिक निगम भिलाई एवं नागरिक इलेबन के बीच खेला जाएगा। दूसरा मैच जिला प्रशासन इलेबन व बी.एम.वाय चरोदा इलेबन के बीच होगा। मैच में 4 टीम बनायी जाएगी। जिसमें खिलाड़ी खिलाड़ियों के परिवार के लोग एवं आम नागरिक प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी के उपस्थिति में भाग लेंगे।

मैच स्थल पर मतदान जागरूकता का बैनर पोस्टर, झंडा सेल्फी पाइंट लगाया जायेगा। सेल्फी लेकर के सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य लोगों को भी जागरूक करेंगे।





# विधायक ने किया जनसंपर्क

**साजा।** साजा विधायक ईश्वर साहू ने बुधवार को शहर में जनसंपर्क किया और लोगों को पुनः मोदी सरकार लाने के लिए कमल छाप में मतदान करने का आग्रह किया। इस दौरान सतबहिनीया चौक में जनसंपर्क किया। उनके साथ हरिशंकर टावरी, प्रेम साहू, नारद साहू, त्रिलोकी, लारा यादव, पुनाराम सिन्हा सहित अनेक लोग शामिल थे।

## सियादेवी मंदिर के ज्योति कलश और जंवारा का किया विसर्जन

**बालोद।** सियादेवी मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ माताजी के दर्शन के साथ ही ज्योति विसर्जन के लिए सैकड़ों की संख्या में भक्तों की भीड़ जुटी हुई थी। जहाँ अनेक देवी देवताओं को आमंत्रण के साथ उनके जयकारों और सेवा गीत के साथ माताजी की विसर्जन यात्रा मंदिर के गर्भ गृह से प्रारम्भ हुई। इस दौरान आस्था की एक अलग ही ललक भक्तों में देखने को मिली। श्रद्धालु घंटों माता सेवा बाजे गाजे के साथ ही भक्ति में झूमते दिखे। ज्योति-जंवारा का विसर्जन स्टॉप डेम में किया गया।



**बालोद।** ग्राम नेवारीकला में चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन ज्योति-जंवारा का विसर्जन किया गया। ग्राम में कई श्रद्धालुओं के घर ज्योति जंवारा की स्थापना की गई थी। विसर्जन शोभायात्रा के दौरान ग्राम के बैगा ज्योति जंवारा के सामने चल रहे थे। वहीं, डांग डोरी ज्योति जंवारा के अगल बगल उनकी सुरक्षा करते हुए चल रहे थे। इस बीच ज्योति जंवारा विसर्जन करने ग्रामीणों की भीड़ भी पीछे-पीछे चल रही थी। वहीं, कई श्रद्धालु ज्योति जंवारा के सामने रास्ते भर पानी का छिड़काव करते रहे।







### अहिबरन नवागांव में किया जंवारा विसर्जन

**बालोद।** ग्राम अहिबरन नवागांव में जोत जंवारा का विसर्जन हर्षोल्लास के साथ किया गया। 9 दिन तक चलने वाली नवरात्रि में भक्तिमय माहौल सेवा भजन के साथ रहा, वहीं अंतिम दिन शोभायात्रा निकालकर ज्योति-जंवारा को विदाई दी। रूपसिंह रावटे ने बताया कि बच्चों, महिलाओं, युवाओं तथा बुजुर्गों ने श्रद्धा के साथ तालाब पहुंचकर ज्योति-जंवारा का विसर्जन किया।

# बैगा के सांनिध्य में किया ज्योति-जंवारा का विसर्जन

## भोला पठार मंदिर में कराया नौ कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ब्लाक के ग्राम परेंगुड़ा स्थित भोला पठार मंदिर परिसर में बासंती चैत्र नवरात्रि पर नौ कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पहुंचे अतिथियों ने श्रद्धालुओं को नारी शक्ति के सम्मान और समाज सेवा के कार्यों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। मंदिर समिति के द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत लोगों को अतिथि बनाया गया था। ताकि सभी उनके कार्यों से प्रेरणा ले।

इस दौरान मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कृत सेवा निवृत्त शिक्षक और वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश देशमुख थे, अध्यक्षता नर्रा के समाज सेवी बेनूराम साहू ने की। विशेष अतिथि बालोद की समाज सेविका और जुंगेरा में शिव महापुराण की मुख्य आयोजिका भगवती साहू और सरपंच विमला देहारी मौजूद रहे। इस दौरान जगदीश देशमुख ने भोला पठार को राम कथा से जोड़ते हुए बताया कि इस जगह का ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व है। उन्होंने इस जगह के इतिहास को व्यवस्थित संकलित कर जल्द ही किताब के रूप में प्रकाशित करने की बात भी कही।

बेनूराम साहू ने भी लोगों को सद्मार्ग पर चलने, अच्छे कर्म करने और अपने आने वाली पीढ़ी को संस्कार देने की बात कही। विशिष्ट अतिथि भगवती साहू ने यथासंभव भोला पठार के विकास में योगदान देने की बात कही। आयोजन स्थल पर अतिथियों द्वारा नौ कन्या भोज कराया गया। वहीं, श्रद्धालुओं द्वारा भी अपनी अपनी श्रद्धा पूर्वक नौ कन्याओं को चुनरी और श्रृंगार सामग्री भेंट की गई।



### नवाखाई, भोला दशहरा व महाशिवरात्रि पर भी होती है भारी भीड़

भोला पठार विकास समिति के अध्यक्ष रामजी ठाकुर ने इस जगह की महत्ता के बारे में बताया कि नवा खाई के अवसर पर विशेष रूप से यहां लोगों की भीड़ उमड़ती है। साथ ही भोला दशहरा और महाशिवरात्रि पर कावड़ यात्रा का विशेष आयोजन होता है। मंच संचालन कर रहे तामेश्वर प्रसाद कौशल ने भी भोला पठार को छत्तीसगढ़ के कैलाश की संज्ञा देते हुए इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रमुख रूप से उप सरपंच खोरबाहरा राम साहू, जोहन प्रधान, राम्हू राम, पुरुषोत्तम निषाद, महेंद्र तारम, कोषाध्यक्ष कृष्णा मंडावी, चेतन नेताम, हीरालाल यादव, श्रवण यादव, रामलाल देहारी, सुरेंद्र देहारी, विरेंद्र पोर्ते, सुरेश यादव, भुवन, भीखन, रामसाय, केशव नेताम, मनहरन मंडावी आदि मौजूद रहे।

## फागुनदाह में जंवारा विसर्जन के लिए डांग-डोरी के साथ निकाली शोभायात्रा

**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी के अवसर पर ज्योति जंवारा का विसर्जन डांग डोरी व गाजे बाजे के साथ किया गया। ग्राम के शीतला मंदिर में ज्योति प्रज्वलित कर जंवारा बोया गया था।

विसर्जन में ग्राम के श्याम लाल निर्मलकर, देवधर साहू, हेमंत साहू, पदम सिंह मरकाम, श्याम लाल साहू, उधो भारद्वाज, नारायण मोगरे, बंशी साहू, गजेन्द्र साहू, धनसिंह मरकाम, तोशण मरकाम, मुकुंद मण्डावी के साथ ग्रामीण ज्योति जंवारा के साथ ग्राम की गलियों में भ्रमण करते हुए ग्राम के तालाब में ज्योत जंवारा विसर्जन किए।



## गंगा मैया मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की महाप्रसादी

**बालोद।** प्रसिद्ध गंगा मैया पवन तीर्थ में आंजनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि पर मां गंगा मईया ट्रस्ट की छत्रछाया में 8 दिवसीय महाप्रसादी सेवा का आयोजन किया गया। आयोजन समिति का इस आयोजन का मूल उद्देश्य सामाजिक समरसता, धार्मिक आस्था और परंपरा का संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण संदेश, सनातन धर्म के सामाजिक विज्ञान से जन मानस को अवगत कराना है। इस बार के आयोजन में विभिन्न मातृ शक्ति संगठन, योग वेदांत सेवा समिति, धर्म जागरण विभाग, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, मानस मंडलियां की भी सेवा सहयोग प्राप्त हुए, वही दान दाताओं ने भी स्वयं चलकर आकर दान सहयोग प्रदान किया। आयोजकों ने इस बार भक्तों को बैठकर प्रसादग्रहण करने के लिए पंडाल, कुर्सी और पर्यावरण संरक्षण संदेश देते सिंगल यूज प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास, पत्तल की जगह बर्तन का प्रयोग कर लोगों को प्रेरित किया। मां गंगा मईया ट्रस्ट की संचालित पूड़ी सब्जी, दालभात आदि सभी सेवाओं को बिना बाधित किए समिति ने पोहा, खिचड़ी, खीर पूड़ी, हलवा की प्रसादी का वितरण किया।




पूरे दिवस लगभग 27000 भक्तों के हाथों तक मां की प्रसादी पहुंचाने में आंजनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड सफल रही।

आयोजन में समिति के संरक्षक दयालु राम चिराम, पुस्कर सिंह राजपूत, आनंद राम साहू, अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष रमेश कुमार रावते, महासचिव योगेश्वर यादव, सचिव भुनेश्वर कौशिक, कोषाध्यक्ष नेमीं लाल साहू, सदस्य गण, डॉक्टर बीआर साहू, प्रमोद साहू, नरोत्तम साहू, संतराम साहू, मुरलीधर साहू, शेखर साहू, टेमिन, मनीष दास, डेमन यादव, नंदकिशोर, हस्मिता, विकेश, नेहा उर्वशा, सुरेखा साहू, रूखमणि राजपूत सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने बताया कि अंतिम दिवस सेवाधारी माताओं में पदमा गावरे, कोमीन साहू, सीमा चिराम, दुलेश्वरि विश्वकर्मा, सांता खरे, सत्या गावरे, अंजू खरे, सुमन साहू, अनार साहू, वंदना गावरे, रूपा बाई, फरिता साहू, पुष्पा नेताम, माहेश्वरी यादव, अश्वनी निर्मालकर, वंदना, वीना, लेमिन, गायत्री साहू, तमेश्वरी साहू, फगनी पिस्दा, सुखबती साहू, कचरी खरे, अनुसूइयां साहू, फुलेश्वरी खरे, सोनिया खरे, रूपेश बाई, उमा चुरेंद्र आदि स्वयंसेवी माताओं ने योगदान दिया।

## काल भैरव देऊर मंदिर में किया गया नवमी हवन



**गुरूर।** नगर के ऐतिहासिक काल भैरव देऊर मंदिर में नवमी हवन किया गया। मंदिर के आचार्य पंडित सुरेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित की गई थी। नौ दिन चले अनुष्ठान में देवी के नौ रूपों की पूजा की गई। वहीं, पंचमी व अष्टमी की निशा रात्रि में विशेष अनुष्ठान व पूजन किया गया।

### खबर संक्षेप

#### उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश

**अंडा।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा डॉ सरोज पांडेय की दुर्ग में दाल नहीं गली वाले बयान को पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश देशमुख ने उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात करार दिया है। श्री देशमुख ने कहा कि खुद भूपेश बघेल की दुर्ग में डाल नहीं गलने के कारण वे दुर्ग छोड़कर राजनांदगांव से चुनाव लड़ रहे हैं। श्री देशमुख ने कहा कि दुर्ग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को सामने देखकर उनके डर से पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल स्वयं पलायन कर गए हैं। स्वयं अपना क्षेत्र छोड़ दूसरे क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं, उसके बाद भी हमारी राष्ट्रीय नेता सरोज पांडेय के खिलाफ उलजुलूल बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल अपने गिरेबान में झांक कर देख लें। हालांकि वे दुर्ग से अपनी हार सुनिश्चित देखकर राजनांदगांव चले गए, लेकिन वहाँ भी उनकी हार सुनिश्चित है।



## दुर्ग जीतने कांग्रेस लगा रही जोर गांव-गांव में ली जा रही बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

मतदान की तिथि नजदीक आते-आते सभी दलों के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी प्रचार अभियान तेज कर दिया है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के प्रभारी टिकेश्वर लाल देशमुख, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चन्द्राकर, मुकुंद भाऊ तथा जोन एवं सेक्टर प्रभारियों व्दारा कांग्रेस के दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र साहू के लिए सेक्टर स्तर पर बैठकें ली जा रही हैं।

श्री देशमुख ने बताया कि क्षेत्र में परिवर्तन का माहौल है। विगत पांच वर्ष में क्षेत्र में सांसद द्वारा कार्य नहीं कराए जाने एवं पूरे कार्यकाल में क्षेत्र में उनकी उपस्थिति शून्य रही है। इसके कारण जनता में परिवर्तन का रूझान है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों पिपरछेड़ी, नगपुरा सेक्टर की बैठक मालूद में और रसमड़ा सेक्टर की बैठक पिपरछेड़ी, निकुम, अंडा, रिसामा, खम्हरिया, पाऊवारा, चंदखुरी सहित विभिन्न स्थानों पर बैठक ली गई। इसके साथ ही जोन 1 के तहत जोन प्रभारी रिवेंद्र यादव, रोहित साहू कृष्ण देवांगन, सेक्टर प्रभारी मुकुंद पारकर, लालजी गुप्ता, रिझन ठाकुर, जनपद सदस्य भुनेश्वरी ठाकुर, सरपंच ममता भागवत साहू, सरपंच बालकिशन ठाकुर, पूर्व सरपंच कचरा बाई ठाकुर की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। बैठकों में सभी बूथ अध्यक्ष सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, घर-घर संपर्क अभियान की शुरुआत ग्राम मालूद से की गई।

## दादा गुरुदेव मणिधारी जिनदत्त सूरिजी की प्रतिमा स्थापित

**बालोद।** दादा गुरुदेव मणिधारी जिनदत्त सूरिजी की प्रतिमा संभवनाथ जैन मंदिर में नीचे हाल में प्रतिष्ठित की गई। संत ऋषभ सागर जी एवं ऋजुप्रज्ञ नई मसा ने विधि विधान पूर्वक मूर्ति की प्रतिष्ठा कराई।



स्व तोलचंदजी चौरड़िया की स्मृति में सुराजदेवी चौरड़िया, डॉ प्रदीप जैन, त्रिशला जैन, विवेक एवं अंजू चौरड़िया द्वारा मूर्ति की प्रतिष्ठा करवाई गई। 51 इंच की स्वेत मार्बल से बनी यह मूर्ति अत्यंत ही आकर्षक बनी है। समाज के लोगों ने उपस्थित होकर मूर्ति की प्रतिष्ठा कराने में योगदान दिया। साथ ही गादी भराई के कार्य में पूर्ण आस्था और उत्साह के साथ भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि 2007 से इसी स्थान पर दादा गुरुदेव की पूजा की। पूजा एवं इक्तिसा जाप निरंतर की जा रही थी। अब यहां स्थाई मूर्ति स्थापित होने से सभी ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा सुरजदेवी चौरड़िया के परिवार को बधाई दी।



## साधकों ने 24000 गायत्री महामंत्र का जाप पूर्ण कर दी पूर्णाहूति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ गायत्री परिवार ने चैत्र नवरात्रि पर किया आयोजन

गायत्री परिवार के साधकों ने चैत्र नवरात्रि पर्व का प्रारंभ गायत्री प्रज्ञा पीठ डौंडीलोहारा में घी की एक ज्योति प्रज्वलित कर किया। वहीं, नवरात्रि के दौरान 24000 गायत्री महामंत्र जाप का अनुष्ठान पूर्ण कर पूर्णाहुति दी। वेद में गायत्री मंत्र की महत्ता के बारे में बताया गया है कि गायत्री वह महाशक्ति है जिसकी साधना करके मनुष्य अपने जीवन विकास के मार्ग में बड़ी सहायता प्राप्त कर सकता है। गायत्री अनुष्ठान करने वाले मनुष्य में निरंतर ऐसी सूक्ष्म एवं चैतन्य विद्युत धारा संचालित होने लगती है जो मन बुद्धि चित में अपना सूक्ष्म प्रभाव डालती है, गायत्री साधना से हमारी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है। सदैव की तरह चैत्र नवरात्रि पर्व पर अनुष्ठान का संरक्षण व त्रुटि परिमार्जन परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा किया जाता है। इस दौरान गोवर्धन उर्वशा, लूणकरण ठाकुर, केशव राम कुलदीप, दौलत राम साहू, वारूणी दिल्लीवार, लता देवी साहू, जागेश्वर कारते, सेवा मंडावी, भोलाराम साहू, मिलन सिन्हा, पुराणिक सोरी, विशम्भर बघमरिया, प्रज्ञानंद बघमरिया, वीरेंद्र साहू, राजू साहू, कैलाशनाथ साहू, पीलू साहू, नागदंत नेताम, कुमार सहारे, प्रेम सिंह कोलियारे, ओमप्रकाश साहू, रंजन पटेल, विदेशी राम चौहान ने लघु अनुष्ठान करने का संकल्प लिया। पूर्णाहुति 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में सुरेंद्र राजपूत, कुसुमलता, युगल कोरटिया का दीक्षा संस्कार, हेमांश का विद्यारंभ संस्कार, डुमेश्वरी बावरे का जन्मदिन संस्कार, रोशनी सिन्हा का पुंसवन संस्कार किया गया।



## संगी के माया परिवार ने किया फिल्म स्टार पवन का सम्मान



**गुण्डरदेही।** नगर निवासी लोक सांस्कृतिक संस्था संगी के माया परिवार द्वारा फिल्म स्टार पवन गांधी का सम्मान किया गया। दंगल, बिरनपुर फाइल्स, सुपर हीरो भैंसा, काका जिंदा है, जस्ट थिंक, एल्बम गाना हमर गुण्डरदेही गांव, खाबो का खोल के, भाई–बहन का प्यार राखी आदि के निर्माता, हेमलाल चतुर्वेदी लोक गायक फिल्म निर्माता, रमेश नाग गोंडवाना फिल्म चैनल एल्बम निर्माता, ढाई फीट छोटे कद के हास्य कलाकार अमन जांगड़े, सोनम जांगड़े का सम्मान लोक कला मंच के संरक्षक केशव राम साहू, तबला वादक राकेश साहू, सगीतकार लिलार सिंह, लोक गायिका भगवती साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर पवन गांधी ने कहा कि फिल्म के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। छत्तीसगढ़ की परिस्थिति जन्य घटनाओं एवं सांस्कृतिक छटा को लोगों के बीच लाने तथा छोटे कलाकारों को भी काम करने का अवसर मिलता है। केशव राम साहू ने कहा कि कलाकार सम्मानित होने पर गौरव महसूस करते हैं तथा उन्हें प्रेरणा मिलती है एवं अपनी कला में निखार लाने की और ज्यादा कोशिश करते हैं।

### संत ऋषभ सागर ने बताया मोह व प्रेम में अंतर

## बच्चों के साथ संबंध मोह का नहीं, प्रेम का होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सबकी सोच अलग-अलग होती है, इसलिए विचारों में भी भिन्नता रहती है। इस सृष्टि के निर्माण को लेकर भी दो मत हैं। एक मत मानता है कि इस सृष्टि को कोई चला रहा है, तो दूसरा मत इसे अनादी मानता है। परन्तु कर्म सिद्धान्त में सभी विश्वास करते हैं तथा यह भी मानते हैं, कि एक चैतन्य का निर्माण माता–पिता ही करते हैं।

उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए संत ऋषभ सागरजी मसा ने कहा कि बच्चा जन्म के साथ ही पूर्व के संस्कार लेकर आता है, किन्तु संस्कार बदले भी जा सकते हैं। माता-पिता के मनोभावों का प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। बच्चों के साथ संबंध मोह का नहीं, वरन प्रेम का होना चाहिये। मोह का संबंध अपेक्षाएं रखता है तथा जब अपेक्षाएं पूर्ण नहीं होतीं, तो दुख होता है। इसके विपरीत जहां प्रेम हो वहाँ त्याग होता है, इसलिए मोह का संबंध अंततः तनाव देने वाला होता है और प्रेम का संबंध संबल देने वाला होता है। परिवार में हमारे संबंध मोह से ही बंधे होते हैं, जो सद्गति में साथ दे, वह संबंध होता है, अन्यथा वह बंधन होता है। इसलिए विचार कीजिए कि हम संबंधों में जी रहे हैं या बंधनों में।



### बच्चों को अच्छे संस्कार दें

संत ऋषभ सागर ने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार दें। बच्चे कच्चे मिट्टी की तरह होते हैं। बचपन में पड़े संस्कारों का प्रभाव हमेशा बना रहता है। बच्चों को कितनी सुविधाएं कब और कितनी देनी है, इसका ध्यान रखना आवश्यक है। छोटे-छोटे बच्चों के हाथों में मोबाइल दिया जा रहा है, इसके व्यापक दुष्प्रभाव के बारे में हम नहीं सोच पा रहे हैं। खिलौनों से खेलने की उम्र के बच्चों में वयस्क बच्चों जैसे प्रभाव दिखाई देने लगे हैं। इन बातों को लेकर परिवार स्तर पर ही नहीं, वरन समाज स्तर पर चिंतन की आवश्यकता है।

